हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 40 .3 डिग्री
न्यूनतम 19 .6 डिग्री

11 मंडियों-खरीद केंद्रों से गेहूं के उठान में तेजी लाएं: उपायुक्त



12 डीक्रूटा ने विवि प्रशासन के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों के साथ चार युवक गिरफ्तार

**गोहाना।** बरोदा और शहर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चार युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। बरोदा थाना क्षेत्र में गांव मदीना के निकट से पुलिस ने विकास को गिरफ्तार किया। उससे अवैध पिस्तौल व छह कारतूस बरामद किए गए। दूसरी तरफ शहर थाना गोहाना के क्षेत्र में पुलिस ने गुढ़ा गांव के राकेश, कबीर बस्ती के प्रवीन और गौतम नगर के विकास को गिरफ्तार किया है।

### तलवार से हमला कर किया घायल

**गन्नौर।** गांधीनगर में एक युवक पर पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर तलवार व नुकीले हथियार से हमला कर दिया। शिकायत खेड़ी रोड गांधी नगर के रहने वाले बादल ने बताया कि 21 अप्रैल को गन्नौर गांव में खेल स्टेडियम के पास मौजूद था। उसका पड़ोसी दीपक अपने साथियों के साथ उसे जान से मारने की नीयत से आया। दीपक व उसके साथियों ने उस पर तलवार व नुकीले हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई।

### अवैध हथियार की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित विकास उर्फ विक्की निवासी जांटी कलां का है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रमन निवासी रिठाल को गिरफ्तार किया था। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्तौल व जिंदा कारसूस बरामद किए थे। आरोपित विकास उर्फ विक्की को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### ताला तोड़कर घर से सामान चुराया

**गोहाना।** शहर में गांधी नगर में चोरों ने एक व्यक्ति के घर में ताला तोडकर सेंध लगा दी। उसके घर से आभूषा व सामान चोरी कर लिया। अंकित ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से बाहर गया था और घर पर ताला लगा हुआ था। किराएदार बोबी ने उसके घर में चोरी होने की सूचना दी। उसने घर आकर सामान की जांच की। चोर उसके घर से एलईडी, प्रेस, अलमारी में रखे चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए।

### पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए

**गोहाना।** बरोदा थाने की पुलिस ने इटली में बनी पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस मदीना गांव में छिछड़ाना मोड़ पर तालाब के निकट नाका लगाए हुए थी। तभी छिछड़ाना मोड़ की ओर से एक व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिया। पुलिस को देख कर वह वापस मुड़ कर मदीना गांव की तरफ भागने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में ले कर जब उसकी तलाशी ली, उसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुआ। वह उस पिस्तौल का कोई परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। आरोपी ने अपना गांव मदीना और अपना नाम विकास उर्फ मोनू पुत्र सुखबीर बताया।

### नकदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ

**गोहाना।** महमूदपुर गांव में रात के समय घर में खड़ी एक कार का शीशा तोड़ कर चोरी कर ली गई। मनदीप पुत्र धर्मराज महमूदपुर गांव का रहने वाला है। उसने शाम के 5 बजे कार अपने घर की बैठक में खड़ी की। सुबह उठ कर कार के पास गया तो कार की कंडक्टर साइड का अगला शीशा टूटा हुआ था। डैश बोर्ड के साथ म्यूजिक सिस्टम भी तोड़ रखा था। पुलिस को दिए बयान में मनदीप ने कहा कि डैशबोर्ड में रखे एक लाख रुपए, म्यूजिक सिस्टम, हवा भरने का पंप, घड़ी, चांदी का कड़ा और दो बैंकों की चेकबुक भी गायब मिलीं।

### गर्मियों को लेकर निगम ने शुरू की तैयारियां, पूर्वी क्षेत्र में पेयजल का शेड्यूल बदला

# पेयजल शेड्यूल में किया बदलाव डेढ़ लाख लोगों को होगा फायदा

- पूर्वी क्षेत्र में रोजाना जल रेनीवेल से होती है पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गर्मियों को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी है। गर्मी में निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर खाका तैयार किया गया है। जिसके चलते पेयजल आपूर्ति के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। पूर्वी क्षेत्र के 1 लाख 50 हजार से ज्यादा लोगों को पानी की समस्या ना हो इसीलिये शेड्यूल में बदलाव किया गया है। निगम के पूर्वी क्षेत्र में रोजाना जाजल रेनीवेल से पानी की आपूर्ति की जाती है। फिलहाल पूर्वी क्षेत्र में होने वाली पेयजल सप्लाई में ही फेरबदल किया गया है। रेनीवेल प्रोजेक्ट के तहत गांव जाजल से लेकर सोनीपत शहर तक करीब 24 किमी लंबी पेयजल पाइप लाइन डाली गई है। नगर निगम की ओर से रेनीवेल पर 20 घंटे ट्यूबवेल चलाकर शहर के सभी 11 बूस्टिंग स्टेशनों पर पानी भरा जाता है।



यहां से वार्ड नंबर 1 से 14 की सभी कॉलोनियों में पानी आपूर्ति की जाती है। जाजल स्थित रेनीवेल से 14 लाख लीटर पानी की रोजाना आपूर्ति की जा रही है। साथ ही शहर की अंदर लगे 70 ट्यूबवेलों से भी पानी की आपूर्ति की जाती है। शहर के पूर्वी क्षेत्र में पेयजल की बड़ी मांग जाजल रेनीवेल से पूरी हो रही है जबकि दूसरी नहर से आने वाले सेक्टर -23 बूस्टर से होती है। जाजल रेनीवेल से एक मिनट में शहर के बूस्टरों को 16 हजार 600 लीटर पानी मिलता है।

### ये है नया शेड्यूल

**मुखी बूस्टिंग स्टेशन**

| कॉलोनी | पानी आपूर्ति का समय |
|---|---|
| पुरानी महावीर कॉलोनी | सुबह 4 से 5.30 बजे तक |
| नई महावीर कॉलोनी | सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक |
| सुदामा नगर, धानक बस्ती, राज मोहल्ला | सुबह 6.30 से 8 बजे तक |
| सारंग रोड | 8 से 9 बजे तक |
| गुरुद्वारा रोड | 9 से 9.45 बजे तक |
| जमालपुरा | 9.45 से 10.30 बजे तक |
| छोटी मस्जिद | दोपहर 12.30 से 1.15 बजे तक |
| मोहल्ला कलां | 1.15 बजे से 2 बजे तक |
| बड़ी मस्जिद | 2 बजे से 2.45 बजे तक |
| राम बाजार, फैज बाजार | 2.45 से 3.30 बजे तक |
| कोट मोहल्ला | 3.30 से 4 बजे तक |
| घोसी मोहल्ला | शाम 4 से 4.45 बजे तक |
| बड़ा हलवाई हट्टा | 4.45 से 5.45 बजे तक |
| नई लाइन पुलिस चौकी | 5.45 से 6.30 बजे तक |
| छोटा हलवाई हट्टा | 6.30 बजे से रात 8 बजे तक |

**न्यू मुखी बूस्टिंग स्टेशन**

न्यू महावीर कॉलोनी, ओल्ड महावीर कॉलोनी, सारंग रोड, गुरुद्वारा रोड जमालपुरा, सब्जी मंडी व राज मोहल्ला — सुबह 8 से रात 8 बजे तक

**सब्जी मंडी बूस्टिंग स्टेशन**

कच्चे क्वार्टर, इंदिरा कॉलोनी, मशद मोहल्ला, न्यू कॉलोनी, राजेंद्र नगर, कल्याण नगर, बत्रा कॉलोनी - सुबह 4 से 7.30 बजे तक

| | |
|---|---|
| मॉडल टाउन | सुबह 7.30 से 9 बजे |
| 8 मरला | सुबह 9 से 10 बजे |
| 4 मरला | सुबह 10 से 11 बजे |
| ब्रह्म कॉलोनी | दोपहर 2 से 4 बजे |
| तारा नगर | शाम 4 से 6 बजे तक |

**नागरिक अस्पताल बूस्टिंग स्टेशन**

नागरिक अस्पताल सुबह 4 से 9.30
सिद्धार्थ कॉलोनी, श्रीनगर, जनता कॉलोनी, सिक्का कॉलोनी, हेमनगर, खन्ना कॉलोनी सुबह -9.30 से 12 बजे तक

**ऋषि कॉलोनी बूस्टिंग स्टेशन**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, चावला कॉलोनी सुबह 4 से 6.30 बजे
हनुमान नगर सुबह 6.30 से 8 बजे
ऋषि कॉलोनी, जटवाड़ा - सुबह 8 से 10.30 बजे तक

# टैक्सी चालक ने बुजुर्ग दंपती का 35 लाख से भरा बैग छिपाया

- महिला का आरोप, बेटे की तरह मदद करता था टैक्सी चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र में टैक्सी चालक ने ऑस्ट्रेलिया जा रहे बुजर्ग दंपति का 35 लाख रुपये से भरा बैग छिपा दिया। दपंति ने मामले को लेकर फरवरी माह में वापिस आने पर चालक से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मामले को लेकर डीसीपी कार्यालय में शिकायत दी। उसके बाद राई थाना पुलिस ने चालक के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मैक्स हाइट जठेड़ी निवासी शकुंतला जैन ने बताया कि वह वर्ष 2017 से अपने पति के साथ रहती है। उसका बेटा आस्ट्रेलिया में रहता है। उसके साथ वीडियो के जरिए बातचीत होती रहती है। दोनों फ्लैट में अकेले ही रहते है। साथ ही उसका पति भी बीमार रहता है। उन्हें सामान व दवाइयां लाने के लिए बाहर जाना पड़ता है। जिसके चलते मुकेश उर्फ विराज सिंह ने अपनी वाहन टैक्सी को पंजीकरण करवाकर उनके पास बतौर चालक के तौर पर रहता है। वह उन्हें अपने बेटे की तरह मानते है। गत 19 सिंतबर 2023 को आस्ट्रेलियां के लिए फ्लाइट थी। उनके पास कुछ रकम थी। जिसके अपने बेटे को देने के लिए जायेगें। अपने जानकार के खातों में रुपये ट्रासंफर करवाकर उन्हें निकलवा लिया था। वह 17 सितंबर को पति के साथ मुकेश की गाड़ी में सामान लेकर एयरपोर्ट पर जाने लगे। रुपयों में कुल 35 लाख की राशि को कार में रख लिया। एयरपोर्ट पर विराज ने गाड़ी से बैग निकाले थे। उसने बाकि सभी बैगों को निकाल दिया, जबकि रुपयों वाला बैग नहीं निकाला। 19 सिंतबर को बेटे के पास आस्ट्रेलिया पहुंच गए। उसके बाद दो दिन बाद उनकी मैसेज से मुकेश के साथ बात हुई।उसने कहा कि जब वापिस आओगें वह आ जायेगा। उन्होंने रुपयें से भरे बैग की तलाश, लेकिन वह नहीं मिला।

उसके बाद फरवरी 2024 में वापिस भारत आ गए। घर पहुंचने पर चालक के बारे में जानकारी ली, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उमेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# ट्रक ने मारी ट्रांसफार्मर में टक्कर, बिजली गुल

- सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में हादसा, पूरी रात प्रभावित रही इलाके की बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में बुधवार देर शाम एक ट्रक चालक ने ट्रांसफार्मर को टक्कर मार दी। जिसके चलते करीब आधा दर्जन कॉलोनियों में देर रात तक बिजली प्रभावित रही। देर शाम हुए हादसे के बाद देर रात मोबाइल ट्रांसफार्मर को लाकर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति शुरू हो पाई। वहीं ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी वजह से सड़क पर भी ट्रांसफार्मर का तेल बिखरा रहा।

बुधवार देर शाम सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में वेद वाटिका के साथ रखे ट्रांसफार्मर में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रांसफार्मर



सोनीपत। देर रात मोबाइल ट्रांसफार्मर लेकर पहुंचे बिजली निगम के अधिकारी।

खंभों से नीचे गिर गया। जिसके कारण इलाके की बिजली गुल हो गई। ट्रांसफार्मर नीचे गिरने के साथ ही उसका तेल भी सड़क पर बिखर गया था। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद बिजली निगम की टीम मौके पर पहुंचीं और बिजली ठीक करने के लिये काम शुरू किया। जब लाइन शुरू नहीं हो पाई तो देर रात मोबाइल ट्रांसफार्मर मंगवाया गया। जिसके बाद बिजली आपूर्ति शुरू की गई। बता दें कि इस ट्रांसफार्मर के दुघर्टनाग्रस्त होने के वजह से आसपास की कॉलोनी राम नगर, विशाल नगर, वेस्ट राम नगर, शीशबाग कॉलोनी आदि में बिजली सप्लाई ठप हो गई थी। जिली निगम के एसडीओ, विक्की गहलावत ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाल लिया था। मोबाइल ट्रांसफार्मर के जरिये बिजली आपूर्ति सुचारू की गई है, जल्द ही यहां पर ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।

### खुंभी फार्म में आग लगाने के दोषी को 5 साल कैद

**सोनीपत।** गांव हरसाना कलां निवासी मीर हसन ने पुलिस को बताया था उन्होंने गांव के आजाद की जमीन पट्टे पर लेकर खुंभी फार्म लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव के प्रदीप नाम के युवक ने उनके खुंभी फार्म में आग लगा दी। आग की सूचना कंट्रोल रूप में दी गई थी। जब तक अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी तब तक उनका व पड़ोसी किसान यासीन, जगबीर व अली हसन का खुंभी फार्म भी जलकर नष्ट हो गया था। मीर हसन का आरोप था कि 28 फरवरी की आधी रात को आग लगाई गई थी। गांव के प्रदीप ने रात को आग लगा दी थी। आग लगाने के बाद आरोपित भाग गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपित को पांच साल कैद व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

# रितिका व सान्या बनी मिस जीवीएम

- विज्ञान और वाणिज्य संकायों की विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज में स्नातक तथा स्नातकोत्तर विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों तथा बीसीए की संयुक्त विदाई पार्टी के अंतर्गत स्नातकीय विज्ञान संकाय में रितिका तथा वाणिज्य संकाय में सान्या को मिस-जीवीएम के खिताब से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने शीर्षक विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दमदार प्रस्तुतियों के साथ आयोजित विदाई समारोह का शुभारंभ संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा.




सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में प्रस्तुति देती छात्राएं।

मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। अंतिम वर्ष की छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कनिष्ठ छात्राओं ने अपनी वरिष्ठ साथियों के सम्मान में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष रूप से फैशन-शो का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। अंत में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने शीर्षक विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया। वाइस-प्रिंसीपल डा. रेनू भाटिया, विज्ञान संकाय की डीन डा. रश्मि जावा, वाणिज्य संकाय की डीन डा. सुमन नासा ने भी छात्राओं के सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संबंधित विभागों के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक की हत्या के आरोपी बाप-बेटे सहित रिश्तेदार काबू

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने गांव बोहला में युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने पर्दा उठाया है। पुलिस ने मामले में आरोपित पिता को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपित जयप्रकाश के छोटे बेटे विजय व उसके साले के लड़के दीपक निवासी चिड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने रोहित की पहले घर पर पिटाई की। उसके बाद वह घर से बचकर निकल गया। रात को खेत में जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचकर उसे पीटने व गला दबाकर हत्या करने का खुलासा किया है। पुलिस ने चलती चिता से शव को अवशेष निकालकर पोस्टमार्टम करवाया था। बोहला निवासी राजसिंह ने बताया कि वह मौजूदा समय में गांव का सरपंच है। रविवार सुबह उसे पता चला कि रोहित (23) की सीढ़ियों से गिरने से लगी चोटों के कारण मौत हो गई। जिसके बाद वह ग्रामीण व रोहित के परिजन उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए शमशान घाट पहुंचे। जहां अंतिम संस्कार में खुद शामिल हुआ। उसे जानकारी मिली कि रोहित की मौत सीढ़ियों से गिरने से नहीं

- युवक को खेत में ले जाकर तीनों ने परने से गला दबाकर की थी हत्या

बल्कि उसके पिता जयप्रकाश द्वारा मारी गई चोटों के कारण हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शमसान घाट में जल रही चिता से रोहित के शव के अवशेषों को निकाला। चिता में रोहित का शव करीब 80 प्रतिशत जल चुका था। उसे कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां से चिकित्सक ने उसे पोस्टमार्टम के लिए महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। पुलिस ने गांव के सरपंच के बयान पर आरोपित जयप्रकाश के खिलाफ हत्या व शव को खुर्द-बुर्द करने का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपित जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। अरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के रिमांड पर भेजा है। आरोपित ने कबूल किया कि उसने अपने छोटे बेटे व अपने साले के साथ मिलकर रोहित की हत्या की है। मोहाना थाना प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि बोहला गांव में युवक की हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने के लिए श्मशान घाट में ले जाकर अंतिम संस्कार करने की वारदात में शामिल मृतक के पिता उसके भाई व आरोपित पिता के साले को गिरफ्तार किया है। आरोपित पिता को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि उसके बेटे व साले को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जायेगा।

# सवारी लेने के लिए बस स्टैंड के पास मांगी जगह

- सोनीपत के ई रिक्शा और ऑटो चालकों ने दिया डीसी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ई-रिक्शा चालकों और ऑटो चालकों ने वीरवार को अपनी समस्याओं को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि बस स्टैंड के पास बहुत ज्यादा भीड़ होने के कारण चालकों को सवारी लेने के लिए ऑटो और रिक्शा खड़ी करने की जगह भी नहीं मिलती। इससे आम जन और चालकों दोनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।




सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर इकट्ठा हुए ई-रिक्शा और ऑटो चालक।

चालकों ने मांग की कि बस स्टैंड के पास एक ऑटो स्टैंड की जगह दी जाए ताकि वहां से चालक सवारियो को बिना परेशानी उठा सके।

चालकों की दूसरी मांग ये थी कि रुट के हिसाब से रेट लिस्ट लागू करी जाए ताकि आम जन और रिक्शा चालकों दोनो को ही सुविधा हो और किराए को लेकर किसी प्रकार का संशय न रहे। इससे किराए को आधिकारिक तौर पर लागू कराया जा सके। रिक्शा चालक बादशाह ने कहा की पिछले 10 साल से किराया वही चल रहा है जबकि महंगाई इतनी बढ़ गई है इसलिए रेट आज के हिसाब से लागू होने चाहिए। हम सरकार से मांग करते है कि हजारों की संख्या में रिक्शा चालकों की जायज मांग पूरी करे। चालक रोहतास ने कहा कि हम रिक्शा चालकों को भी समाज में मुख्यधारा में आने का अधिकार है। चालक नौशाद ने कहा की अपने हकों के लिए तब तक संघर्ष करेंगे जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मान लेती। इस अवसर पर रोहित, मनोज रायपुरिया, शेखर, यामीन, नौशाद, अजीत राणा, मनोज, सुरेंद्र, सूरजभान, आशाराम, नितेश, सतपाल सहित सैकड़ों ई-रिक्शा चालकों ने लघु सचिवालय पहुंच के डीसी को ज्ञापन दिया।

### गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में बनाया परीक्षा केंद्र

# मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा आज

- लेवल-3 की परीक्षा में 223 विद्यार्थी होंगे शामिल
- अभिभावकों को भी साथ लाना होगा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिये शुरू की गई बुनियाद योजना के तहत लेवल-3 की परीक्षा आज होगी। 26 अप्रैल को आयोजित की जा रही इस परीक्षा के लिये केंद्र गेटवे इंटरनेशनल स्कूल को बनाया गया है। परीक्षा में कुल 223 विद्यार्थियों को परीक्षा देनी है। वहीं परीक्षा के उपरांत इसी स्कूल में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार हिस्सा लेंगें। बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा के नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ (डीएसएस) सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में उत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों को ही लेवल-3 की परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। सभी परीक्षार्थियों को सुबह नौ बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पंजीकरण प्रक्रिया को जल्द पूरा कर परीक्षा समय पर संपन्न करवाई जा सके।

#### परीक्षा के बाद होगा ओरिएंटेशन कार्यक्रम

मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा शुक्रवार को होगी। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 223 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के उपरांत स्कूल के ऑडिटोरियम में ही ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
**सुरेंद्र सिंह**, नोडल अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत।

#### 119 विद्यार्थी आएंगे अभिभावकों संग

सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के बाद गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के साथ जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा, जिला गणित विशेषज्ञ नीति, बुनियाद कार्यक्रम के नए 223 व पुराने 119 विद्यार्थी अपने अभिभावकों संग पहुंचेंगे। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य भी शामिल होंगे।

### ईवीएम मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा

**सोनीपत।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के संदर्भ में वीरवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इवीएम को लेकर प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान 15-15 प्रतिशत बैलेट व कंट्रोल यूनिट व 25 प्रतिशत वीवीपेट को रखा रिजर्व रखा गया। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान लोकसभा में उपयोग होने वाली 1447 बीयू व सीयू तथा 1572 वीवीपेट को सभी 06 विधानसभाओं के अनुसार अलग-अलग किया गया है। मशीनों को रेंडमाइजेशन के अनुसार अलग-अलग विधानसभाओं में प्रयोग करने के लिए मोहाना में बने अलग-अलग स्ट्रोंग रूम में रखा जाएगा।

# कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगाई प्रदर्शनी



सोनीपत। प्रदर्शनी में हिस्सा लेती छात्राएं।

**सोनीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवां मील में कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नरेंद्र खापरा ने बताया कि नई शिक्षा नीति में कौशल शिक्षा को प्राथमिकता दी है, इससे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी अपने मनपसंद विषय में आगे बढ़कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर आचार्य प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को योग की शिक्षा दी। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य डा. विकास, संदीप अहलावत, राजेश चड्ढा, अरुण शर्मा, प्रवीण हुड्डा, पूनम आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्र संवाद कार्यक्रम के तहत इनसो पहुंची पिपली



**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के जिला प्रधान कृष्ण सरोहा ने कहा कि सोनीपत इनसो के द्वारा चलाए जा रहा छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज शहीद दलबीर सिंह राजकीय कॉलेज पिपली में हुआ। कालेज मे छात्रों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना व उन सभी समस्याओं को लेकर कालेज प्रधानाचार्य से मुलाकात करके उनको जल्द ही हल करवाने का आश्वासन दिया।

### यज्ञ ही सर्वोत्तम कर्म है : वेदार्थी



**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाउन में 67 वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन वीरवार को प्रधान अर्जुन देव दुरेजा की अध्यक्षता में आचार्य विष्णु मित्र वेदार्थी ने यज्ञ एवं सत्संग किया। विष्णु मित्र वेदार्थी ने बताया कि यज्ञ ही सर्वोत्तम कर्म है क्योंकि इससे आत्मशुद्धि होती है, प्रदूषण रहित वातावरण मिलता है, रोगों का निवारण होता है और अभीष्ट फलों की प्राप्ति होती है। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम ने सामवेद के मंत्रों का पाठ करके भावार्थ सहित समझाया।

### जेईई के रिजल्ट में छाए शिवा शिक्षा सदन के छात्र



**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन की बारहवीं कक्षा के लक्ष्य जैन, कृष दुल व मनन अरोड़ा ने जे.ई.ई. मैंस अग्रणीय पंक्ति में क्वालीफाई कर विद्यालय व शहर का नाम रोशन किया। लक्ष्य जैन ने 99.2% और कृष दुल ने 98.9 % , मनन अरोड़ा ने 98.56 % के साथ परीक्षा को क्वालीफाई किया है। प्राचार्या अलका विज ने बच्चों की सफलता के लिये अध्यापक गण एवं अभिभावकों के योगदान की सराहना की। कहा कि क्यू एंड आई के साथ विद्यालय ने विद्यार्थियों के आईआईटी जेईई व नीट की तैयारी हेतु आईआईटीयन व प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रयास किया है।

### गोवंश की संख्या में लगातार इजाफा



**गन्नौर।** सड़कों पर बेसहारा गोवंश की बढ़ती तादाद चिंता का सबब है। शहर का शायद ही कोई कोना ऐसा होगा, जहां पर लावारिस गोवंश न मिले। प्रशासन द्वारा शहर को कैटल फ्री घोषित किया गया था, लेकिन अब हकीकत कोसों दूर है। लगभग हर सड़क पर गोवंश घूम रहे हैं। कहीं पर गोवंश सड़क के बीच खड़े मिले तो कहीं कूड़े के ढेर में भोजन तलाशते हुए। कालोनियों में यदि घरों के गेट खुले होते हैं तो गोवंश सीधे घरों में घुस कर उत्पात मचाते हैं।

### गर्मी से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतें

**सोनीपत।** मौसम में बदलाव के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन डा. मनोज कुमार ने गर्मी व लू से संरक्षण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को जारी की गई, एडवाईजरी के अनुसार जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ जिलावासियों का भी आह्वान किया कि वे खुद के बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतते हुए एडवाईजरी की पूर्ण अनुपालना करें। गर्मी व लू से बचाव के लिए लघु सचिवालय में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया, अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे।

## जिले अब तक 3,20,759 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

# मंडियों-खरीद केंद्रों से गेहूं के उठान में तेजी लाएं: उपायुक्त

### मंडियों में गेहूं के रखरखाव तथा उठान की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि कहीं भी गेहूं खुले में न रखें। गेहूं को शैड के नीचे रखना सुनिश्चित करें। यदि कहीं खुले में है तो तुरंत कट्टों में भरवाकर शैड के नीचे रखवाएं, जिसके साथ ही मंडियों व खरीद केंद्रों से गेहूं के उठान को तीव्रता प्रदान करें। गेहूं की आवक, खरीद व उठान को लेकर गुरूवार को दोपहर बाद वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा कर रही थी। बैठक में प्राप्त दिशा- निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते डीसी डा. मनोज कुमार ने फसल उठान को और गति देने की बात कही। वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने कैंप कार्यालय में ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने विस्तार से मंडियों में गेहूं के रखरखाव तथा उठान की समीक्षा की। उन्होंने मंडी व खरीद केंद्रों में रखे गेहूं की रिपोर्ट तलब की।



सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि



### 41.5 प्रतिशत उठान

अभी तक सोनीपत में करीब 41.5 प्रतिशत उठान हुआ है। उठान को और गति देने की जरूरत है, जिसके लिए लेबर को बढ़ाने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। 26 अप्रैल को एन्वायरन्मेंट, फोरेस्ट एवं वाइल्ड लाइफ के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण रबी सीजन के तहत सोनीपत की मंडियों व गोदामों का समीक्षात्मक दौरा करेंगे। बैठक में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक विंशल सहरावत, हैफेड के डीएम उमाकांत शर्मा, मार्केट कमेटी गोहाना के सचिव जितेंद्र कुमार, सोनीपत की सचिव ज्योति मोर तथा गन्नौर के सचिव दीपक आदि मौजूद थे।

**2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद:** जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में बुधवार रात तक 3,20,759 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस 3,20,759 मीट्रिक टन गेहूं को 16,723 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 320759 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 81979 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 148555 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 74327 तथा एफसीआई द्वारा की 15898 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### कहां कितनी आवक

| खरीद केंद्र/मंडी | आवक |
|---|---|
| बरोदा खरीद केंद्र | 2,695 |
| भैंसवाल खरीद केंद्र | 1,965 |
| बिचपड़ी खरीद केंद्र | 690 |
| दतौली खरीद केंद्र | 4,901 |
| फरमाणा खरीद केंद्र | 9,403 |
| गन्नौर अनाज मंडी | 27,317 |
| गोहाना अनाज मंडी | 1,14,135 |
| कासंडी खरीद केंद्र | 7,730 |
| कथूरा खरीद केंद्र | 5,890 |
| खानपुर खरीद केन्द्र | 7,392 |
| खरखौदा अनाज मंडी | 38,576 |
| मुण्डलाना खरीद केंद्र | 6,530 |
| मुरथल खरीद केंद्र | 8,948 |
| नाहरा खरीद केंद्र | 6,470 |
| पुगथला खरीद केंद्र | 16,482 |
| पुरखास खरीद केन्द्र | 10,042 |
| रूखी खरीद केन्द्र | 10,140 |
| सनपेड़ा खरीद केन्द्र | 8,498 |
| सोनीपत साईलो | 6,495 |
| सोनीपत अनाजमंडी | 26,460 |
| कुल | 3,20,759 |

*नोट : गेहूं की आवक का आंकड़ा मीट्रिक टन में दिया गया है।*

# विश्व मलेरिया दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

सांपला रोड स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन इस बात के लिए पहचाना जाता है कि मलेरिया के नियंत्रण के लिए किस प्रकार के वैश्विक प्रयास किया जा रहे हैं। कक्षा तीसरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने मलेरिया मच्छर व उसके जीवन चक्र को चित्रण कला द्वारा दर्शाया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने इसके फैलने का कारण रोकथाम के उपाय व उपचार की औषधियों के बारे में भी लिखा। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि पूरे विश्व में मलेरिया सबसे अधिक अफ्रीका महाद्वीप और सहारा मरुस्थल व ओशिनिया में फैलता है। यह एक जानलेवा बीमारी है। इस अवसर पर प्रबंधक मोहनलाल गुप्ता ने मलेरिया विषय पर अपनी जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि मलेरिया जैसी महामारी को दूर करने के लिए जागरूक होना चाहिए और प्रयास करना चाहिए कि यह हमारे देश में जड़ से खत्म हो जाए। भौतिकी अध्यापिका सोनिया ने विद्यार्थियों को मलेरिया के बारे में मार्गदर्शन किया और ये बीमारी ना फैले इसके उपायों को भी विद्यार्थियों से साझा किया।



खरखौदा। मच्छर व उसके जीवन चक्र को चित्रण कला द्वारा दर्शाते विद्यार्थी।



सोनीपत। पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### मॉडल बनाकर मलेरिया के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में बृहस्पतिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मलेरिया से बचाव का पाठ पढ़ाया गया और उन्हें सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर व मॉडल बनाकर मलेरिया के बारे में सभी को जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों से कहा कि दुनियाभर में हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम करके लोगों की जान बचाना है। स्कूल में अध्यापिका कुमारी राखी और कविता की देखरेख में पोस्टर मेकिंग व मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर कोऑर्डिनेटर कविता रानी, अध्यापिका कविता , दिव्या, कौमिला, नीरू आदि ने भी विद्यार्थियों को मलेरिया दिवस के बारे में पूर्ण जानकारी दी।

### व्यापार प्रकोष्ठ के शहरी अध्यक्ष ने छोड़ी इनेलो



**गन्नौर।** इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के शहरी अध्यक्ष संजय मित्तल इनेलो छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। संजय मित्तल कई वर्षों से इनेलो में विभिन्न पदों पर रह चुके थे। विधायक मोहनलाल बड़ौली व भाजपा नेता देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में संजय मित्तल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मोहन लाल बड़ौली ने संजय मित्तल को पटका पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा। संजय मित्तल ने कहा कि भाजपा हर व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजना का फायदा पहुंचाने में विश्वास रखती है।

# रोजगार मेले का आयोजन किया

- रोजगार प्रक्रिया के प्रथम चरण के लिए दस छात्राएं चयनित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ नमिता, डॉ शालिनी और डॉ रमेश के नेतृत्व में कार्यकारी प्राचार्या डॉ दर्शना की अध्यक्षता में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव नाम से रोजगार मेले का आयोजन आइसीआइसीआइ बैंक के सौजन्य से किया गया। इसमें खरखौदा के ब्रांच मैनेजर दिनेश कुमार, रीजनल हेड सेल्स, दक्षिण हरियाणा विमलेश कुमार, रीजनल हेड सेल्स, सोनीपत राघवेंद्र सिंह, सहायक मैनेजर मोनिका, यूनिट सेल्स मैनेजर, सोनीपत प्रवेश को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ नमिता ने सभी अधिकारियों का महाविद्यालय में आने के लिए आभार प्रकट करते हुए छात्राओं से उनको परिचित करवाया और कहा कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आप अपने करियर को और आगे ले जा सकती हैं। डॉ दर्शना ने कहा आज किसी भी क्षेत्र में रोजगार की कमी नहीं है। इस रोजगार मेले में कॉलेज की बीकॉम बीसीए तथा एमकॉम की अंतिम वर्ष की छात्राओं ने हिस्सा लिया और 10 छात्राओं को रोजगार प्रक्रिया के प्रथम चरण के लिए, संवाद और लेखन कौशल के आधार पर चयनित किया गया।



खरखौदा। छात्राओं को जानकारी देते बैंक अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### बाल विवाह: 1 लाख रुपये जुर्माना और 2 साल की सजा का प्रावधान

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मोनिका ने गुरुवार को कहा कि बाल विवाह करवाने पर एक लाख रुपए तक का जुर्माना और दो साल तक की सजा हो सकती है। वह बाल विवाह पर आधारित एक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का संयोजन आंगनबाड़ी वर्कर रेणु, सुनील, प्रेमो, उषा और सुमन ने किया। सुपरवाइजर ने कहा कि बाल विवाह में पंडित, हलवाई स्थित जो भी व्यक्ति संलिप्त होता है, उस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। भारतीय कानून के अनुसार लड़के की उम्र 21 और लड़की की उम्र 18 साल से कम होने पर शादी अवैध होती है। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मोनिका ने जहां बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत करवाया।

# लटकती तार दे रही हादसे को न्योता

- एसडीएम से क्षतिग्रस्त तारों को ठीक करवाने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

जीटी रोड स्थित बड़ी गांव में गली के कोने पर लगे ट्रांसफार्मर से लटकते तार हादसे को न्यौता दे रही हैं। बिजली निगम के अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम के अधिकारी शायद किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि गली के कोने पर बने बिजली की तारों से चिंगारी निकलती रहती है जो दुर्घटना की आशंका को जन्म दे रही है। गली में ट्रांसफार्मर के पास से प्रतिदिन काफी संख्या में लोग गुजरते हैं । जिस कारण से दुर्घटना का डर बना रहता है। लोगों को डर के साथ गुजना पड़ता है। चिंगारी निकलने से वहां से गुजरने वाले जानवरों के लिए भी खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को लेकर कई बार बिजली निगम के अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया गया, लेकिन अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से क्षतिग्रस्त तारों को ठीक करवाने की गुहार लगाई है।



गन्नौर। गली के कोने पर लगे ट्रांसफार्मर से लटक रही तार। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम में विभिन्न उपाधियों के साथ विद्यार्थी साथ में प्राचार्य एवं अन्य।

### कोमल व अंजलि बनी मिस फेयरवेल

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य कॉलेज, सोनीपत में राजनीतिक शास्त्र विभाग के अंतर्गत एमए राजनीति शास्त्र व बीएऑनर्स (राजनीति शास्त्र) के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जूनियर छात्रों ने अपने से सीनियर छात्रों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम रखे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह खत्री व डॉ. ऊषा दहिया (विभागाध्यक्ष राजनीतिक शास्त्र विभाग) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दौरान एमए राजनीतिक शास्त्र से मिस्टर फेयरवेल राधे, मिस फेयरवेल कोमल शर्मा, बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र से मिस्टर फेयरवेल रितेश व मिस फेयरवेल अंजलि को चुना गया। इस मौके राजनीतिक शास्त्र विभाग से डॉ. मुकेश कुमारी, प्रो. विक्रम तुषीर, प्रो. कीर्ति, प्रो. कविता, प्रो. संगीता, प्रो. रिंपी व अन्य सभी प्राध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# चुनाव में मतदान करना न भूलें

- ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने रैली निकाल कर मतदान करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

चुनाव में मतदान लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए चुनाव के इस महायज्ञ में आहुति मतदान की आहुति अवश्य डालें। शुक्रवार को गांव बड़ौता में जागरूकता रैली के माध्यम से यह संदेश गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने दिया। जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बैनर और तख्तियों पर चुनाव में मतदान का महत्व संबंधी नारे लिखे हुए थे। रैली को रवाना करते समय एमडी अनिल मलिक ने कहा कि किसी भी देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक अच्छे नेतृत्व वाली सरकार की जरूरत होती है और यह तभी संभव है जब हम चुनाव में मतदान करेंगे और निष्पक्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था है। इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना आवश्यक है। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशक मुकेश मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने भी मतदान का महत्व समझाया।



गोहाना। रैली में मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




सोनीपत। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

### पूर्व छात्रा मिलन समारोह में सांझा किए अनुभव

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय में पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्या संतोश राठी मौजूद रही। सभी पूर्व छात्रज्ञाओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। प्रभारी डा. सुभाष सिसौदिया ने बताया कि समारोह में 100 से भी अधिक पूर्व छात्राओं ने हिस्सेदारी की। अनेक छात्राओं ने अपने महाविद्यालय में बिताए गए समय से संबंधित अपने अनुभव सांझा किए तथा कॉलेज के प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्राचार्य दिलबाग जाखड़ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। डा. सुभाष सिसौदिया ने मंच का संचालन किया और रागनी की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## सुविधा | गड़बड़ी करने वाले डिपो धारक के खिलाफ होगी कार्रवाई

गांव राजलू गढ़ी, भोगीपुर में शिकायत मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं

# लगातार गेहूं और सरसों का तेल वितरण न करने वाले डिपो धारकों की करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

उपमंडल के सभी गांवों में सभी बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को लगातार सरसों का तेल, गेंहू, बाजारा, चीनी सहित पूरा राशन वितरण करवाया जा रहा है। किसी कार्ड धारक को गेंहू नहीं मिला और केवल बाजरा मिला है तो ऐसे कार्ड धारक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में शिकायत दे सकते हैं, ताकि राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले डिपो धारक के खिलाफ कार्रवाई हो सके। खंड खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी राजेश ने बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को जागरूक करते हुए बताया कि बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को पूरा राशन व तेल पिछले महीनों में वितरण किया गया है। कई जगहों में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। विभाग इस मामले में पूरी तरह से जांच कर रहा है। भोगीपुर व राजलूगढ़ी के ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें डिपो होल्डर द्वारा पूरा राशन नहीं दिया गया है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को मौखिक रूप से शिकायत भी की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



### आनलाइन जांच करें

खंड खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी राजेश ने बताया कि विभाग की ईपोस हरियाणा फूड गोर्वमेंट साईट पर जाकर अपने गांव में डिपो पर आए राशन व वितरण का स्टेटस देख सकते है। राशन डिपो के बाहर लगे बोर्ड पर भी डिपो में आए गेंहू व अन्य राशन का स्टाक रिकार्ड अंकित करना चाहिए।

### इस भाव में मिल रहा है राशन

खंड खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी राजेश ने बताया कि एक किलो चीनी प्रति बीपीएल एएवाई राशन कार्डधारकों को 13 रुपये 50 पैसे में तथा दो लीटर सरसों का तेल 20 रुपये प्रति लीटर डिपोधारकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। यदि डिपो धारक इससे अधिक रुपयों की मांग करें तो इसकी शिकायत विभाग से करें। उसका डिपो रद करने की उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।




सोनीपत। प्रतिभागी बच्चों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### सिंडिकेट एक्टिविटी का किया आयोजन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दसवीं और तीसरी छात्रों ने मिलकर सिंडिकेट एक्टिविटी का आयोजन किया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य सीनियर तथा जूनियर छात्रों बच्चों के बीच सामंजस्य बैठाना, उनकी भावनाओं में तालमेल लाना है। सीनियर छात्र अपनी जिम्मेदारियों को समझें और जूनियर अपने से सीनियर छात्रों से तालमेल बनाएं। इस गतिविधि में दोनों कक्षाओं के छात्रों ने सामूहिक रूप से मानवता विषय पर अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी, जिसमें समूह गान, नृत्य, नुक्कड़ और लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों ने विभिन्न जीवन मूल्यों को प्रस्तुत किया। इस गतिविधि में दोनों कक्षाओं के 150 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों के प्रस्तुतियां एवं अनुशासन की प्रशंसा की।

## खबर संक्षेप



### ट्राली चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपित दबोचे

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने ट्राली चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडेक्शन वारंट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक व नरेंद्र निवासी जुआं का है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की ट्राली को बेचकर ली राशि से 40 हजार रुपये बरामद किए है। गांव सलीमपुर ट्राली निवासी सुबेसिंह ने गत 22 दिसंबर पुलिस से शिकायत देकर बताया रात को किसी ने चार पहिया की ट्राली को चोरी कर लिया। मोहाना थाना पुलिस ने एक अन्य ट्राली चोर की वारदात में शामिल जुआं निवासी दीपक व नरेंद्र को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपितों ने सलीमपुर ट्राली से ट्राली चोरी करने की वारदात का खुलासा किया था। आरोपितों के पास से 40 हजार रुपये की नकदी व पहले वाले मुकदमें में 25 हजार रुपये की राशि को बरामद किया है। अरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



### बेटे की हत्या करने का आरोपित पिता गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने गांव बोहला में बेटे के सिर में डंडा मारकर हत्या करने व शव को परिजनों सहित ग्रामीणों के साथ मिलकर अंतिम संस्कार करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जयप्रकाश निवासी बोहला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने चलती चिता से शव को अवशेष निकालकर पोस्टमार्टम करवाया था। गांव बोहला निवासी राजसिंह ने गत 21 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मौजूदा समय में गांव का सरपंच है। रविवार सुबह उसे पता चला कि रोहित (23) की मकान की सीढ़ियों से गिरने से लगी चोटों के कारण मौत हो गई। जिसके बाद वह ग्रामीण व रोहित के परिजन उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए शमशान घाट पहुंचे।

# डीक्रूटा ने विवि प्रशासन के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

## समय से पहले पदों से हटाया जा रहा है अपने प्रियजनों को एडजस्ट करने के लिए

■ डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का विश्वविद्यालय से लेना देना नहीं



**सोनीपत।** मुरथल विवि में विरोध प्रदर्शन करते हुए डीकूरटा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीचर एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि अपने प्रियजन को लगाने से पूर्व ही पदों से हटाया जा रहा है। डीक्रूटा के विरोध के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन फानन में डीन की नियुक्तियां की।

डीसीआरयूएसटी की टीचर एसोसिएशन डीक्रूटा ने प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के पास शिक्षकों की मांगें सुनने का समय भी नहीं है। डीक्रूटा के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन आज प्रशासनिक भवन से गायब रहा।

डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का विश्वविद्यालय से कोई लेना देना नहीं। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से बातें तो आदर्शवादी की जाती है,लेकिन कार्यप्रणाली बिल्कुल इसके एकदम विपरीत है। ऐसा ही उदाहरण जब देखने को मिला जब ब्याज हॉस्टल के चीफ वार्डन प्रो. विजय शर्मा को समय से पूर्व ही पद से हटा दिया गया। विवि प्रबंधन ने अपने प्रियजन को एडजस्ट करने के लिए समय से पूर्व ही हटा दिया। डीक्रूटा के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन डीन के पद पर अपने व्यक्तियों को नियुक्त नहीं कर पाया, बल्कि आनन फानन में डीन नियुक्त करने पर मजबूर होना पड़ा।

डीक्रूटा ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों व विश्वविद्यालय को बचाए रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ धरना कल भी जारी रहेगा।

## दो महिलाओं को बेसुध कर युवकों ने बालियां और चांदी की चेन छीनी

■ पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि सुराग हाथ लग सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर के पास दो महिलाओं को बेसुध कर तीन युवक सोने की बालियां बालियां व चांदी की चेन चोरी कर भाग गए। महिलाओं को जब होश आया तो मामले का पता लगा। उन्होंने सेक्टर-27 थाना पुलिस को शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

खान कॉलोनी निवासी सुमन ने बताया कि कॉलोनी की रहने वाली भारती के साथ सेक्टर-17 स्थित संस्थान में काम करती है। वह दोनों सुबह नौ बजे पैदल ही घर से जा रही थी। जब वह गांव फाजिलपुर के पास पहुंची तो उन्हें तीन युवक मिले। युवकों ने उनसे बालाजी मंदिर जाने का रास्ते पूछा। रास्ता पूछने के बाद वह उनके पीछे-पीछे चलने लगे। इसी बीच आरोपितों ने उनके ऊपर कोई पदार्थ डाल दिया। जिसके बाद वह दोनों बेसुध हो गई। महिलाओं ने बताया कुछ देर बाद जब होश आया तो उनके गले से चांदी की चेन व कानों से सोने की बालियां चोरी मिली। उन्होंने अपने परिजनों से संपर्क किया। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम सीसीटीवी की मदद से वारदात को अंजाम देने वालों का सुराग लगी रही है।

इस तरह की वारदात लगातार सामने आ रही है। पुलिस इस तरह की वारदात करने वालों का सुराग लगाने में जुटी है। इस तरह की ज्यादातर वारदात महिलाओं के साथ ही की जा रही हैं।




### बंद मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जीवन नगर स्थित बंद घर से चोर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला अपने ननिहाल में बिहार गई थी। वहीं उनके पति भी शहर में ही रह रहे अपने माता-पिता के पास चले गए। वापस आने पर चोरी का पता लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

जीवन नगर निवासी रेनू ने पुलिस को बताया कि वह 9 अप्रैल को अपने घर पर ताला लगाकर नानी के घर बिहार शादी में गई थी। उनके पति हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अपने माता-पिता के पास चले गए। अब वह घर वापस आई तो देखा कि घर का ताला टूटा था। चोर स्टोर में रखी अलमारी से चांदी की कटोरी, गिलास, चम्मच, कड़ा, सोने का लॉकेट, टॉप्स, नाक की पिन, छह जोड़ी चांदी की चुटकी, दो जोड़ी पायल, कड़े, पति का पासपोर्ट चोरी कर ले गए। महिला के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

## सच्चे भक्त के सामने भगवान भी होते नतमस्तक : देवीदास



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता तरुण देवीदास एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के कोट मोहल्ला स्थित हनुमान चौक पर संकीर्तन एवं हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में भगवान हनुमान की मूर्ति के समक्ष महा आरती की गई। भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान भगवान श्रीराम के अटल भक्त थे। भगवान और भक्त के ऐसे भक्तिभाव व स्नेह का अतुलनीय उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा। कार्यक्रम के पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर मन्नी शर्मा, सन्नी शर्मा, लक्ष्य शर्मा, आकाश, अमित कौशिक, महेंद्र बत्रा, राकेश अरोड़ा, आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## बाइक सवार बदमाशों ने इंजीनियर के गले से सोने की चेन झपट ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ पुलिस टीम झपटमारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 में बाइक सवार दो झपटमार कनाडा से रिश्तेदार के पास आए इंजीनियर के गले से सोने की चेन झपट कर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस टीम झपटमारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सेक्टर-12 निवासी आशुतोष जोशी ने बताया कि वह कनाडा में इंजीनियर है। वह फिलहाल सेक्टर-12 में आए थे। वह 24 अप्रैल की शाम करीब सवा पांच बजे अपने रिश्तेदार के घर से सर्विस रोड पर जा रहे थे। जब वह घर के पास पहुंचे तो इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आए।

दोनों युवकों ने हेलमेट लगा रखा था। आरोपी आउटर साइड से आए और उनके घर के साथ से वापस मुडकर उनके गले से सोने की चेन झपट कर आउटर की तरफ भाग गए। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम झपटमारों की तलाश करती रही, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस क्षेत्र में सीसीटीवी खंगाल रही है।

## जांगड़ा को प्रदेशाध्यक्ष व रवि कुमार को महामंत्री बनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित सेवा साधना केंद्र में भवन निर्माण श्रमिक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राममेहर जांगड़ा द्वारा की गई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ हवा सिंह मैहला, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ अशोक कुमार, देवीलाल गुराना प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ, जयदेव कोटड़ा प्रांत प्रचार प्रमुख एवं पर्यावरण मंच भारतीय मजदूर संघ मौजूद रहे। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राम मेहर जांगड़ा को प्रदेश अध्यक्ष, रवि कुमार गन्नौर को प्रदेश महामंत्री, महेंद्र भुना सचिव, वंदना कैथल सचिव, नीरज कुमार मावी उपाध्यक्ष, कृष्ण हिसार उपाध्यक्ष, रजत कैथल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं देवीलाल गुराणा को संगठन मंत्री, विनोद खेड़ा को प्रेस सचिव,मोमीन पानीपत कार्यालय सचिव, जयदेव कोटडा को सलाहकर नियुक्त किया गया। इसके अलावा दीपक मेवात, विष्णु यादव महेंद्रगढ़, जोगिंद्र जींद, गोवर्धन दास, कमला, सुरेश, भगवान दास, जतिन, ईश्वर को भी प्रदेश में दायित्व दिया गया।

### अवैध हथियारों की दो अलग-अलग वारदातों में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट ने अलग-अलग दो वारदातों में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हर्षित उर्फ काकू निवासी फाजिलपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। क्राइम यूनिट में तैनात सिपाही अमित ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सेक्टर-15 आउटर रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान आरोपित हर्षित संदिग्ध हालत में घुमता हुआ पाया गया। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध पिस्तौल मिला। उसके पास से पांच जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ संबधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपित हर्षित पर पहले भी मामले दर्ज है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।




हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## जेईई मेन में आरपीएस ने बनाया कीर्तिमान

■ राष्ट्र निर्माण में आरपीएस संस्था सदा दृढ़ संकल्पित : चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र धुर्वांशु, अनिरूद, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, धुर्वांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पसेर्टाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं। जेईई मेन में एक ही ग्रुप से अच्छी परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर ग्रुप के सभी विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों ने मिलकर खुशी जाहिर की। इस उपलब्धि के लिए आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सराहना की हैं। आरपीएस समूह की युक्ति गुप्ता ने 99.98 परसेंटाइल, तनिषा पुनिया 99.98, अनूप यादव 99.98, अमन यादव 99.95, अनिरुद्ध 99.93, अमन कुमार 99.88, जान्हवी मित्तल 99.86, करुणेश यादव 99.84, यश झा 99.80, आदित्य 99.74, नील यादव 99.72, वंशदीप ने 99.69, उदित्य 99.66, लोकेश 99.61, निशांत 99.60, निशांत फोगाट 99.59, सौरभ पांडे 99.53, चिराग यादव 99.48, सक्षम 99.45, क्रिश 99.44, अंकित 99.42 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

## यदुवंशी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। जेईई मेन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत 98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे, वहीं 90 परसेंटाइल से अधिक 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिसमें हरिश 94.98, प्रवीन 94.97, निधीश 94.93, उमेश 94.92, अनुज 94.67, कंवरपाल 94.05, तनु 93.94, काजल 93.69, रीतिका 93.44, दीपक 93.42, साक्षी 93.33, विराट 93.13, निशांत 93.13, अंजलि 93.1, अमन 93.06, अर्चित 92.82, शुभम 92.61, मयंक 92.6, अनुज 92.58, रीतिका 92.43परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

### विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मच्छरों को पनपने से रोकें: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर सिविल सर्जन डा. जयकिशोर ने एक जागरूकता टीम और वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य कर्मियों की यह रैली नागरिक अस्पताल से शुरू होकर चौक चौराहों और कॉलोनियों में लोगों को मलेरिया के प्रति जानकारी देगी। जागरूकता नारे लगाते हुए कर्मचारियों की यह रैली सभी क्षेत्रों में जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि मच्छरों को पनपने से रोके और पानी को जमा न होने दें। बीमार होते ही चिकित्सक के पास जाएं। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसके उपरांत बहालगढ़ स्थित देव ऋषि सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने मलेरिया से बचाव के बारे में ड्राइंग, क्विज, भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

इसके अलावा जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी और सब सेंटरों में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस दौरान उप सिविल सर्जन डा. अनविता कौशिक, हेल्थ इंस्पेक्टर बलबीर सिंह, मनीष दहिया, कुलदीप, राजेश आंतिल, विकास दहिया, सुनील, वजीर, डा. परमानंद आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों को लेकर स्कूलों में पुलिस विभाग की तरफ से चलाया जागरुकता अभियान



**सोनीपत।** यातायात थाना मुरथल प्रबंधक निरीक्षक जगदीश प्रसाद की टीम ने रुक्मणी देवी स्कूल, मुरथल व सोफिया कान्वेंट स्कूल में स्टाफ एवं छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। पुलिस उपायुक्त यातायात के कुशल-मार्गदर्शन मे जिला यातायात पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के विडियो दिखा कर इस तरह के जागरूकता अभियान चला रही है। जागरूकता अभियान के दौरान यातायात पुलिस की टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को 18 वर्ष से कम की आयु में मोटरसाइकिल, स्कूटी इत्यादि वहन सार्वजनिक स्थान पर नही चलानें चाहिए व माता पिता भी इन्हें अल्प आयु में वाहन चलाने के लिए ना दें, बच्चो व दूसरे वाहन चलाने वालों को खतरा रहता है। ड्राइविंग सीखते समय अपनी कार के पीछे एल का निशान जरुर लगवायें। वाहन का प्रयोग करते समय दो पहिया वाहन पर हेल्मेट और चार पहिया वाहन पर सीट बैल्ट का प्रयोग जरुर करें। क्योकि यह दो सुरक्षा कवच वाहन चलाते समय किसी प्रकार से असुविधा के कारण दुर्घटना हो जानें पर अपनी जिन्दगी को बचाते है। अधिकतर इन दोनो सुरक्षा कवच से जिन्दगी बच जाती है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनो को सुचारू रूप से आवगमन हेतू यह जरूरी है कि वे सभी यातायात नियमों का पालन करे।